विदर्भ क्षेत्र में अतिवृष्टि

808. श्री विद्याचरण शुक्ल : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ माह पूर्व विदर्भ क्षेत्र में अतिवृष्टि से जान माल की भारी हानि हुई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसके बाद वहां वर्षा के पूर्णतः अभाव के कारण अकाल की स्थिति पैदा हो गई है ;

(ग) यदि हां, तो दोनों आपदाओं के बाद के प्रभावों से निपटने के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार ने इस संबंध में लगभग 5000 गांवों के लिये एक योजना तैयार की है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में राज्य सरकार को कितनी सहायता दिये जाने का प्रस्ताव है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुत्तापल्ली रामचन्द्रन) : (क) से (ङ) राज्य सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

गुजरात के कृषि विश्वविद्यालयों को दी गई सहायता

809. श्री राम सिंह राठवा : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कृषि विश्वविद्यालयों की संख्या कितनी है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इनमें से प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा कितनी-कितनी वित्तीय सहायता की मांग की गई तथा सरकार द्वारा कितनी-कितनी धनराशि की सहायता दी गई; और

(ग) मांगी गई धनराशि से कम धनराशि दिये जाने के क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह) : (क) महोदय, गुजरात में एक कृषि विश्वविद्यालय है।

(ख) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा दिये गये अनुदानों का विवरण निम्नलिखित है:—

वर्ष	स्थापना और विकास अनुदान के रूप में गुजरात कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मांगी गई राशि	रिलीज की गई राशि (लाख रुपयों में)
1988–89	शून्य	शून्य
1989–90	37.00	29.00
1990–91	50.00	50.00

(ग) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने सातवीं योजना में गुजरात कृषि विश्वविद्यालय के लिये स्थापना और विकास अनुदान के रूप में 182.54 लाख रु० की राशि रखी थी। 1989–90 के दौरान जो कि सातवीं योजना का अंतिम वर्ष है, सिर्फ 29.00 लाख रु० की राशि रिलीज की जानी बाकी थी।

. **Sale of milk products in Delhi**

810. SHRI SYED SIBTEY RAZT: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Gujarat Cooperative Milk Marketing